## महत्वपूर्ण एवं खास

### 60 हजार का लाच देकर 200 रूपये में बेच दिया कोरा चेक

**रायगढ़।** ग्राम गेरवानी में रहने वाली श्रीमति अंजनमति अगरिया द्वारा दिनांक 03.11.18 को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज करायी कि सुबह करीबन 09/00 बजे एक महिला इसके घर आयी और एक कोरा चेक देकर बोली कि 200 रूपये दो और कमल छाप को वोट दोगे तो 20 दिन बाद 60 हजार रूपये मिलेगा, जिस पर अंजनमति उन्हे 200 रूपये देकर चेक ले ली, कुछ देर बाद इसे पता चला कि दो महिलाएं फर्जी चेक देकर पैसा मिलेगा कहकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। तब गांव जाकर पता की, गांव वालों ने दोनों महिला को पकड़कर डॉयल 112 को सूचना दिया, जिस पर डॉयल 112 ईव्हीआर वाहन में स्टाफ आकर ठग करने वाली दो महिलाएं - मीना यादव , खुशबू पाण्डे को पकडे कर थाना पूंजीपथरा लाये। रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में दोनों महिलाओं के विरूद्ध अप.क्र. 143/18 धारा 420,34 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### डराकर-धमकाकर मोबाईल की लूट

**रायगढ़।** थाना धरमजयगढ़ अन्तर्गत ग्राम सिथरा में रहने वाला प्रभुशंकर राठिया पिता कृष्णालाल राठिया दिनांक 03/11/18 को शाम करीब 05.30 बजे अपने दोस्त मोहन पिता फग्गूराम राठिया उम्र 17 वर्ष के साथ गांव के प्रायमरी स्कूल के पास बने पूल में बैठकर दोनों अपने-अपने मोबाईल फोन को निकालकर गाना सुन रहे थे कि उसी समय इनके पास एक स्कार्पियो क्रमांक सीजी18 डी 1053 रूकी जिसमें बैठे लोगों ने इनसे झारसुगडा जाने का रास्ता पूछा और वाहन से दो व्यक्ति उतरकर दोनों लड़कों डरा-धमकाकर दोनों के मोबाईल लूटकर भाग गये। रिपोर्टकर्ता प्रभुशंकर राठिया के रिपोर्ट पर आज दिनांक 04.11.18 को थाना धरमजयगढ़ में स्कार्पियो में बैठे लोगों के विरूद्ध अप.क्र. 283/18 धारा 392 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### बोलरो एवं मारूति इको से 30 पेटी कोरेक्स सिरप के साथ 04 आरोपी गिरफ्तार क्राईम ब्रांच व कोतवाली की कार्यवाही

**रायगढ़।** रविवार 04 नवंबर के दोपहर क्राईम ब्रांच व कोतवाली की टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर थाना कोतवाली क्षेत्र के सोनियानगर में रेड कार्यवाही कर दो चार पहिया वाहनों में लोड 30 पेटी कोरेक्स सिरप के साथ 4 व्यक्तियों को पकड़ा।

निकटतम विधानसभा चुनाव 2018 जिले में शांतिपूर्ण कराने हेतु पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा थाना क्षेत्र के संदिग्धों, वारंटियों एवं अवैध शराब, जुआ-सट्टा, मादक पदार्थो के खरीद-फरोक्त करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश थाना/चौकी प्रभारियों एवं क्राईम ब्रांच स्टाफ को दिये हैं। जिलें में प्रतिदिन चेक पोस्ट पर वाहनों की चेकिंग तथा अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर कार्यवाही जारी है । इसी क्रम में आज दिनांक 04/11/18 के दोपहर मुखबिर सूचना पर क्राईम ब्रांच स्टाफ एवं थाना कोतवाली स्टाफ द्वारा दोपहर में सोनियानगर सांई मंदिर के पास रेड किया गया, जहां बोलेरो वाहन सीजी 13 - 9997 एवं मारूति इको वाहन सीजी 13 सी- 8672 में लोड 30 पेटी कोरेक्स सिरप पकड़ा गया, मौके पर (1) मारूति इको का चालक - तस्लीम खान पिता समीर खान उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 13 पुलिस लाईन के पीछे घरघोड़ा (2) बोलेरो चालक- प्रेमशंकर चौहान चौहान पिता तुलाराम चौहान उम्र 31 निवासी ग्राम पंचायत औरईमुडा घरघोड़ा (3) कृष्ण कुमार साहू पिता भागीरथी साहू उम्र 36 वर्ष निवासी बांकी मोगरा जिला कोरबा (दवाई सप्लायर होल सेल सब डिलर) (4) मनोज कुमार केंवट पिता मथुरा प्रसाद केंवट उम्र 24 साल निवासी ग्राम ससहा पामगढ़ (मेडिकल स्टोर्स ससहापामगढ) पकडे गये हैं, इनके विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार आरोपियों से उनके सहयोगियों एवं दवा क्रेता के संबंध में पूछताछ किया जा रहा है।

# विजय की निर्दलीय दावेदारी के बाद भी रोशनलाल अग्रवाल का पड़ला रहेगा भारी

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक से होगी रोशन लाल की सीधी टक्कर बाकी कोई प्रत्याशी रोशन के विजय रथ रोक नही पाएंगे...

न्यायसाक्षी ब्यूरो नितिन सिन्हा की कलम से

**न्यायसाक्षी रायगढ़। विधानसभा रायगढ़ में चुनावी प्रक्रिया चरम पर है। सभी पार्टी के प्रत्याशियों ने अपनी सम्भावित जीत हेतु प्रयास तेज कर दिए हैं। वहीं दोनों प्रमुख पार्टियां को मशः विगत पार्टी दावेदारों के विरोध का सामना भी करना पड़ रहा है। जबकि पहली बार विधानसभा में दूसरी पार्टियों ने भी अपने स्तर पर जुझारू प्रत्याशियों को चुनाव में उतारकर प्रतिस्पर्धियों के बीच मुकाबला दिलचस्प बनाने का काम भी किया है। कांग्रेस ने जहां इस बार पार्टी प्रत्याशी का चेहरा बदला है, वहीं भाजपा ने वापस अपने पुराने प्रत्याशी विधायक रोशन लाल अग्रवाल पर भरोसा जताते हुये बड़े विरोध के बावजूद उन्हें विधानसभा 2018 के परिपेक्ष्य में रायगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी घोषित किया है।**





इधर रोशनलाल के नाम की घोषणा के बाद पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने को तैयार हुए पूर्व भाजपा विधायक विजय अग्रवाल को लेकर स्थानीय लोग कयास लगा रहे हैं कि इस बार विधानसभा में असल मुकाबला भाजपा के रोशनलाल और निर्दलीय प्रत्याशी विजय अग्रवाल के मध्य ही होगा। इधर प्रकाश नायक को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित कर जातीय समीकरण को साधने का प्रयास भी किया है। बदली हुई परिस्थितियों में विधानसभा के दो बड़े जातीय गुटों के वोट का समीकरण भी बैठ चुका है।

ऐसे में भाजपा के बागी पूर्व विधायक विजय की बगावत को लेकर यह कयास लगाया जाना कि वो इस चुनाव मे भाजपा प्रत्यासी रोशन लाल अग्रवाल को पछाड़ पाएंगे यह इन कारणों से खरा उतरता नही दिख रहा है,मसलन 2013 के विगत विधान सभा परिणामो को ध्यान में रखते हुए हुए इस चुनाव से तुलना कर भावी परिणाम का अंदेशा लगाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा, कि क्यों विजय अग्रवाल के निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद भी भाजपा प्रत्यासी रोशनलाल का ही पड़ला भारी रहेगा।

### मोदी लहर के चलने नही चलने का असर भाजपा प्रत्याशी पर नही पड़ेगा -

भाजपा के बागी प्रत्याशी विजय अग्रवाल के नामांकन रैली को देखकर लोग एक तरफ यह कहते दिख रहे हैं कि इस बार रायगढ़ विधानसभा में कांग्रेस भाजपा के बीच मुकाबला नही वरन रोशनलाल और विजय के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। जबकि राजनीतिक मामलों के जानकार यह भली-भांति जानते हैं कि मुकाबला तो वास्तव में दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच ही होगा. वही जनता जोगी कांग्रेस और आप पार्टी के प्रत्याशियों की मेहनत देखते हुए उन्हें कमतर कर आंकना बड़ी भूल होगी। ये दोनों पार्टी प्रत्याशी इस चुनाव में चौंकाने वाला परिणाम देंगे। विधानसभा रायगढ़ में अब तक मुख्यतः दो प्रमुख पार्टियों के बीच लड़े जाने वाला चुनाव इस बार चार प्रमुख पार्टियों और एक निर्दलीय उम्मीदवार के बीच लड़ा जाएगा। स्थानीय लोगो से मिली प्रतिक्रियाओं का निचोड़ यह निकलता दिख रहा है,कि इस विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी ही चुनाव जीतेगा भले ही जीत का अंतर कम हो जाए। इस लिहाज से 2013 के विगत चुनाव आकड़ो पर नजर डालना जरूरी है। तब प्रदेश के इस विधानसभा सीट में वोटरों की कुल संख्या 2 लाख 25 हजार थी। इन पांच सालो में यह बढ़कर करीब 2.50 लाख हो चुकी है। अब औसत अनुमान के अनुसार यदि 80%-90%, प्रतिशत मत पड़ते भी हैं। तो भी विधनसभा में करीब 2 लाख मत पड़ेंगे। तब 2013 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर रोशन लाल (बीजेपी) ने 91045 वोट पाया था और अपने निकटम कांग्रेसी प्रतिद्वंदी को 21 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया था। दूसरे स्थान पर (70453)वोटों के साथ डॉ शक्राजीत नायक(कांग्रेस) रहे थे। जबकि तीसरे स्थान पर (3882) वोट नोटा में पड़ा था। नोटा के बाद तत्कालीन बसपा प्रत्यासी को महज (3270) वोट ही मिले थे। वहीं वर्ष 2013 के चुनाव में कुल 175304 मत पड़े थे. जो कुल मत संख्या का करीब 80% मतदान हुआ था। इस बार भी मतदान का यही प्रतिशत लें तो करीब 2 लाख मत विधानसभा चुनाव में पड़ेंगे। जिसका बटवारा स्थानीय लोगो से मिल रही प्रतिक्रियाओं के अनुसार कुछ इस तरह होगा,करीब 1.50 लाख मत दो प्रमुख पार्टियो को ही बंटेगा। जबकि इस बार औसतन दूसरे प्रत्याशियों के लिए और नोटा में शेष बचे 50 हजार मत में ही बटवारा होता दिख रहा है। विरोधी दावे (मोदी लहर)को भी सच माने तो भाजपा को समर्पित 70-80 हजार वोट अवश्य पड़ेंगे ही और यह वोट जीत के लिहाज से पर्याप्त होगा।

भाजपा के बागी प्रत्याशी विजय अग्रवाल और उनके समर्थकों की मानें तो 2013 में रोशनलाल मोदी लहर की वजह से ही 90 हजार से अधिक मत प्राप्त किये थे। जो जीत की मुख्य वजह बनी थी। जोकि कोरी बकवास ही लगती है। जबकि बागी विजय अग्रवाल और समर्थकों ने तब भी पार्टी प्रत्याशी रोशनलाल को हराने में कोई कोर-कसर नही छोड़ी थी, जब मोदी लहर देश मे हावी थी। फिर भी परिणाम पार्टी प्रत्यासी रोशनलाल के पक्ष में ही गया था। वही 2008 के चुनाव परिणाम और 2013 के वोटों के आंकड़ों पर नजर डालें तो भाजपा के समर्पित वोटो की संख्या उतनी ही पाएंगे जो कि बिना मोदी लहर के बावजूद भी स्थिर रही है। भाजपा को पड़ने वाले वोट संख्या को देखें तो 2003 से 2013 तक 50 हजार से 90 हजार मत के बीच रहे हैं। जो कि औसतन 70 हजार मत के आसपास होते हैं। इस तरह यदि बीते आंकड़ों पर ध्यान दें तो आप पाएंगे कि बागी प्रत्यासी चाह कर भी भाजपा को समर्पित 70 हजार मतों को प्रभावित नही कर पायेगा। अब यदि मोदी लहर को हटा कर के भी देखें तो यह वोट संख्या 70 से 80 हजार के बीच आएगी। जो कि विधानसभा में बढ़े वोटों की संख्या के बाद भी 2013 के तत्कालीन भाजपा प्रत्याशी को पड़े विगत वोटो की संख्या के इर्द-गिर्द ही नजर आती है।

आज जब दोनो प्रमुख पार्टियो के समक्ष जोगी जनता कांग्रेस और निर्दलीय बागी प्रत्याशी के रूप में वोट काटू प्रत्याशी खड़े है। इन परिस्थितियों में भी 70-80 हजार का स्थाई पार्टी वोट तो भाजपा प्रत्यासी को पड़ना ही है, यही उसका विजयी आंकड़ा भी होगा। इस लिहाज से ऐसा कहा जा सकता है कि भाजपा के बागी विजय अग्रवाल के दावों के बाद भी पार्टी प्रत्याशी रोशनलाल अग्रवाल का पड़ला इस विधानसभा में भारी रहेगा। जबकि विधानसभा में सम्भावित त्रिकोणीय मुकाबले से इतर इस बार भी मुख्य मुकाबला दो प्रमुख पार्टी प्रत्याशियों के बीच ही होने की सम्भावना हैं।

### विजय की निर्दलीय दावेदारी के बाद भी रोशनलाल अग्रवाल का पड़ला रहेगा भारी

**2013 के विधानसभा चुनाव में जिले की पांचों सीटों पर भाजपा को करीब 44 प्रतिशत वोट पड़े थे। वही जिले की पांच विधानसभा सीट में से तीन भाजपा प्रत्याशियों के नाम हुई थी। वही भाजपा धरमजयगढ़ सीट हार गई, जबकि 2003 और 2008 में धरमजयगढ़ सीट भाजपा के पास थी। 2008 में जिले के पांचों विधानसभा सीटों में भाजपा ने केवल एक मात्र धरमजयगढ़ की सीट जीती थी, लेकिन पार्टी के खाते में 36 फीसद वोट थे। वहीं, 2003 में 38 प्रतिशत वोट के साथ भाजपा ने वापस तीन सीटों पर कब्जा किया था। 2013 में 44 प्रतिशत वोट भाजपा प्रत्यासियों को मिला था। साथ ही जिले की तीन प्रमुख सीटें भाजपा की झोली में गिरी थी। जिसमें से एक रायगढ विधानसभा की सीट थी।**

### कोयला की जगह बजरी भर लाये, तीन ट्रेलर ड्रायवरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायगढ़।** मधुबनपारा रायगढ़ में रहने वाले समीर खान पिता स्व. रमजान खान अनूप रोड कैरियर में मैनेजर के पद पर कार्यरत है । दिनांक 05.10.18 को अनूप रोड कैरियर द्वारा जिंदल स्टील पावर लिमिटेड के लिये दीपका माईस कोरबा से कोयला लाने के लिये 03 ट्रेलर (1) सीजी13ए-0335 (2) सीजी 12ए 0339 (3) सीजी12ए-0346 के ड्राइवरों को कार्य सौंपा गया था, जिनके ड्रायवरों द्वारा प्रदीप यादव से मिली भगत कर कोयला की जगह बजरी ट्रेलर वाहन में लाकर अमानत में खयानत कर धोखाधड़ी किये। रिपोर्टकर्ता समीर खान के आवेदन पर ट्रेलर के ड्रायवर 1. दिनेश कुमार कौशिक 2. अशोक मुडापार कोरबा 3. मनोज शक्ति एवं 4. प्रदीप यादव के विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में अप.क्र. 294/18 धारा 420,406,34 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।


**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400


न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...


ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session


Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%



Topper Students Last Session


Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931